RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 242
हिसार | वीरवार, 30 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ ६







## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शहर में सफाई व्यवस्था ठीक ढंग से न करवाने पर जेई को किया निलंबित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**फरीदाबाद, 30 नवम्बर :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शहर में सफाई व्यवस्था ठीक ढंग से न करवाने पर नगर निगम के जेई संदीप को निलंबित करने के दिए आदेश। साथ ही नई टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर बुधवार को वाईएमसीए में शहर की सफाई व्यवस्था व अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस बैठक में




नगर निगम, एचएसवीपी, एफएमडीए सहित अन्य विभाग अधिकारी शामिल थे। इस दौरान नगर निगम के जेई (कनिष्ठ अभियंता) को निलंबित करने के साथ ही शहर में सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए नगर निगम में डिवीजन स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत नई टीम गठित करने के लिए निर्देश दिए। नई टीम में पांच एसडीओ व अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था के लिए अपनी गाड़ियां, डंपर, जेसीबी व अन्य संसाधन तुरंत जुटाकर नगर निगम शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करें। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नैनपाल रावत, उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवासन, एचएसवीपी प्रशासक डॉ. गरिमा मित्तल सहित कई अधिकारी रहे मौजूद।

## हरियाणा में मौसम का मिजाज बदला


### कैथल में हुई बारिश व ओलावृष्टि, रबी की फसलों में होगा फायदा

**पाठकपक्ष न्यूज, कैथल, 30 नवम्बर :** कैथल में सुबह साढ़े सात बजे बारिश व कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई। जिसके बाद ठंड ने दस्तक दी है। बारिश के बाद तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। विदित रहे कि जिलेभर में 10 एमएम दर्ज की गई है। बारिश से रबी की फसलों को फायदा हुआ है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश से गेहूं की फसलों में फुटाव होगा और मौसम अनुकूल रहा तो अच्छा उत्पान होगा। बारिश के बाद एक्यूआई का स्तर भी काफी कम हुआ है। बारिश से पहले एक्यूआई 280 था, जो बारिश के बाद 190 दर्ज किया गया है। वहीं, बारिश के बाद अनाज मंडी में भी धान को तिरपाल स्व ढका गया। बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। बारिश के बाद दोपहिया वाहनों पर चलने वाले लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाए दिए। वहीं, बारिश के चलते सुबह कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। कृषि उपनिदेशक डॉक्टर महावीर सिंह ने बताया कि बारिश से रबी की फसलों को फायदा होगा। गेहूं की फसल में फुटाव होगा और अच्छी ग्रोथ होगी। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार इन 13 शहरों में कैथल, नरवाला, गुहला, कालका, नारायणगढ़, पंचकूला, अंबाला, कलायज, पेहोवा, छछरौली, जगाधरी शमिल हैं।

## हम सत्ता भाव से नहीं, सेवा भाव से काम करने वाले हैं, गरीब, किसान और युवा मेरे लिए सबसे बड़ी जाति : पीएम मोदी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 30 नवम्बर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से 25,000 तक बढ़ाने की परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि अच्छी दवाई और सस्ती दवाई ये बहुत बड़ी सेवा है। जितने लोग मुझे सुन रहे हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि जनऔषधि केंद्र के बारे में लोगों को बताइए। उन्होंने कहा कि दवाइयों पर जो खर्च पहले 12-13 हजार का होता था, वह जनऔषधि केंद्र की वजह से सिर्फ 2-3 हजार हो रहा है यानी 10 हजार रुपये आपकी जेब में बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण देने की शुरुआत की गई तो इस योजना को लेकर बहुत से लोगों ने संदेह जताए थे। रमन अम्मा जी जैसी महिलाओं ने साबित कर दिया कि ड्रोन कृषि में तकनीक के दायरे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक बनकर उभरेगा। आप सभी पूरे देश के लिए एक प्रेरणा हैं। विकसित भारत की इस संकल्प यात्रा में आप जैसी महिलाओं की भागीदारी बहुत ही अहम है। पीएम ने कहा कि मैं जो ये संकल्प यात्रा लेकर निकला हूं, इसके पीछे मेरा मकसद यही है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है, उनके अनुभव जानना है और जिनको नहीं मिला उन्हें 5 साल में उन योजनाओं का लाभ देना है। इसलिए देश के हर गांव में 'मोदी के विकास की गारंटी' की गाड़ी पहुंचने वाली है।



उन्होंने कहा कि आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम रखा था 'विकास रथ', लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' रख दिया है। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है। मैं भी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको दी हुई सभी गारंटियों को मैं पूरा करूंगा। मोदी ने कहा कि जिस तरह से लोग 'विकसित भारत रथों' का स्वागत कर रहे हैं, रथ के साथ चल रहे हैं। जिस तरह युवा और समाज के हर वर्ग के लोग विकसित भारत यात्रा से जुड़ रहे हैं। वह प्रेरित करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने गांव की कहानी सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। लेकिन आप लोग इन कहानियों को नमो एप पर जरूर अपलोड करें क्योंकि मैं नमो एप पर इन गतिविधियों को प्रतिदिन देखता हूं। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने वह दौर भी देखा है, जब पहले की सरकारें खुद को जनता का माई बाप समझती थी। इस कारण आजादी के अनेक दशकों बाद तक देश की बहुत बड़ी आबादी मूल सुविधाओं से वंचित रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि निराशा की स्थिति को हमारी सरकार ने बदला है। आज देश में जो सरकार है, वह जनता-जनार्दन को ईश्वर का रूप मानने वाली सरकार है। हम सत्ता भाव से नहीं, सेवा भाव से काम करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प- 4 अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं - हमारी नारीशक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार।

## 4 दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू, सरकार ने सूचीबद्ध किए 24 विधेयक, जम्मू कशमीर में बढ़ सकती हैं सीटें

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 30 नवम्बर :** संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इससे पहले केंद्र ने 2 दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्र सरकार की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल केंद्र सरकार ने मौजूदा शीतकालीन सत्र के लिए 24 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, आने वाले एक-दो दिनों में इसकी सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा और सरकार सर्वदलीय बैठक में सभी विपक्षी दलों को इसके बारे में सूचित करेगी। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक, केंद्र सरकार ऐसा बिधेयक पेश करने की योजना बना रही है, जिसमें तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना और केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी की विधानसभा में महिलाओं और अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आरक्षण देना शामिल है। सरकार बिधेयक के अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को स्थानापन्न करने वाले विधेयक-भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक लोकसभा में चर्चा और पारित करने के लिए तय किया है।

## हिसार व भजनलाल परिवार का रिश्ता पारिवारिक : कुलदीप बिश्नोई

### बेटों की शादी का निमंत्रण देने कार्यकर्त्ताओं के बीच पहुंचे कुलदीप बिश्नोई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के सह प्रभारी पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि भजनलाल परिवार और हिसार लोकसभा के लोगों का रिश्ता राजनीतिक नहीं आपस में पारिवारिक है। जब भी भजनलाल परिवार और हिसार लोकसभा परिवार में कोई भी सुख या दुख होता है तो दोनोंएक दूसरे को याद करते हैं। आज देश की जनता यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं हरियाणा में विकास पुरूष मुख्यमंत्री मनोहरलाल जी की नीतियो में आस्था जता रही है और पांच राज्यों के चुनाव परिणाम में



भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल रहेंगे। राजस्थान में तो प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा सत्ता में आ रही है। वे आज हांसी में हांसी, नारनौंद, बवानीखेड़ा तथा बरवाला में बरवाला, उकलाना व उचाना तथा हिसार आवास पर हिसार विधानसभा हलके के कार्यकर्त्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके बेटों भव्य एवं चैतन्य की शादी 26 दिसंबर को आदमपुर में तय की गई है, इसलिए वे हिसार लोकसभा के अपने पारिवारिक लोगों को शादी का निमंत्रण देने आए हैं। उन्होंने बताया कि भव्य और चैतन्य की शादी की शादी के कार्यक्रम में अपने लोगों को बुलाने की बात आई तो परिवार में यह तय हुआ कि मैं स्वयं जाकर हिसार लोकसभा के अपने संघर्ष के साथियों से मिलूं और उन्हें शादी का निमंत्रण दू। आज यहां अपनों से मैं शादी का निमंत्रण देने की शुरूआत कर रहा हूँ। यह शादी आपकी आपने परिवार की शादी है और भव्य, चैतन्य आपके भाई, आपके बेटे हैं। आप सभी को पूरे लोकसभा क्षेत्र में सभी को निमंत्रण देना है और 26 दिसंबर को सुबह 10.15 बजे आदमपुर आपके भाई, आपके बेटों को आशीर्वाद देने पहुंचना है। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रोहतक-जींद रोड पर हादसा : स्कूटी सवार छात्रा की दर्दनाक मौत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**रोहतक, 30 नवम्बर :** रोहतक में सुबह स्कूटी पर सवार होकर सिंहपुरा गुरुकुल से आ रही स्कूटी सवार छात्रा व उसकी सहेली को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर में 23 वर्षीय छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली घायल हो गई। उसे पीजीआई में दाखिल कराया गया है। पुलिस के मुताबिक जींद बाईपास के नजदीक बड़सी नगर निवासी 23 वर्षीय ज्योति सुबह सिहंपुरा गुरुकुल गई थी। करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी सहेली के साथ स्कूटी पर रोहतक की तरफ वापस लौट रही थी। अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर में ज्योति की मौके पर मौत हो गई। सिर में गहरी चोट के चलते दूर तक खून फैल गया। साथ वाहन का पहिया छात्रा के ऊपर से उतरा हुआ था। राहगीरों ने घायल दूसरी छात्रा को पीजीआई पहुंचा।









## सम्पादकीय..........

# यह स्थिति बदलनी चाहिए ताकि राज्यपाल पद की गरिमा बनी रहे

देश के विभिन्न राज्यों में राज्यपालों की कार्यशैली को लेकर जिस तरह के सवाल उठ रहे हैं, उन्हें ठीक नहीं माना जा सकता। हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उच्चतम न्यायालय तक कुछ राज्यपालों के कामकाज पर तीखी टिप्पणियां कर चुका है। ताजा मामला केरल का है। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान केरल के राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठाए और कहा कि वह बिलों को लेकर दो साल से क्या कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जैसे राज्यपाल की संवैधानिक जवाबदेही है, वैसे ही अदालत की भी संविधान और लोगों के प्रति जवाबदेही है। केरल सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच आठ लंबित विधेयकों को लेकर विवाद था। इसी को लेकर केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और दखल की मांग की थी। गौरतलब है कि केरल ही नहीं, तमिलनाडु, पंजाब, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के राज्यपालों के मामले भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचे हैं। इन राज्यों की सरकारों ने अपने राज्यपालों की मनमानी की शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि राज्यपाल संविधान के तहत काम नहीं करते हैं। तीन वर्ष से बिलों को रोकने के मामले में उच्चतम न्यायालय तमिलनाडु के राज्यपाल की पहले ही आलोचना कर चुका है। यह सही है कि विधेयकों को स्वीकृत करना या न करना राज्यपाल का विशेषाधिकार है, लेकिन इसका इस्तेमाल इस तरह नहीं होना चाहिए जिससे कानून बनाने में ही बाधा पैदा हो जाए। उच्चतम न्यायालय ने भी पंजाब मामले में कही इस बात को दोहराया है कि राज्यपाल की शक्ति का इस्तेमाल विधायिका के कानून बनाने की प्रक्रिया को रोकने के लिए नहीं किया जा सकता। यह संदेश नहीं जाना चाहिए कि विशेषाधिकार का दुरुपयोग हो रहा है। संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन करने वाले विधेयकों को रोककर राज्यपाल अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, लेकिन धन विधेयकों, सामान्य विधेयकों और अध्यादेशों से जुड़े विधेयकों को लटकाने से गलत संदेश जाता है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को भी राज्यपालों पर तीखी टिप्पणी करनी पड़ती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह स्थिति ठीक नहीं मानी जा सकती। संवैधानिक पदों की गरिमा हर हालत में बनी रहनी चाहिए और इन पदों पर विराजमान लोगों को कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे कोई उनके कामकाज पर अंगुली उठा सके। यह सही है कि राज्यपालों के निर्णयों पर कांग्रेस या यूपीए की सरकार के दौरान भी सवाल उठते रहे हैं। विडंबना यह है कि एनडीए की सरकार भी इससे अछूती नहीं रही। यह स्थिति बदलनी चाहिए ताकि राज्यपाल पद की गरिमा बनी रहे।

# दर्शन अकादमी में सीबीएसई द्वारा 'गणित विषय' की कार्यशाला का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** मिर्जापुर रोड स्थित दर्शन अकादमी में दिनांक 25 से 26 नवंबर 2023 को दो दिवसीय गणित विषय की सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें गणित विषय की ज्ञान साधन व्यक्ति के रूप में डॉक्टर सुरेश अग्रवाल और श्रीमती इशिता मुखर्जी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में सीबीएसई से संबंधित सात विद्यालयों से आए गणित विषय के सोलह अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। गणित विषय विद्यार्थियों को आसानी से समझ में आ जाए इसके लिए ज्ञान साधन व्यक्ति के द्वारा भिन्न-भिन्न एक्टिविटी को कार्यशाला में प्रस्तुत किया गया, जैसे- आर्टइंटीग्रेटेड एक्टिविटी, हेंडस एक्टिविटी, टैंग्राम, स्क्वायर ग्रेड एक्टिविटी, प्रश्न पत्र डिजाइन आदि का बारीकी से वर्णन किया। यह गणित विषय की कार्यशाला अध्यापक व अध्यापिकाओं के लिए बहुत लाभदायक व ज्ञानवर्धक रही। अंत में प्राचार्या श्रीमती जेसिका कांबले ने ज्ञान साधन व्यक्तियों का आभार प्रकट किया और अध्यापक व अध्यापिकाओं को गणित विषय का ज्ञान अर्जित करने पर बधाई दी।

# आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार में हुआ 54वें अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव 2023 का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव, जो दुनिया भर से उत्कृष्ट फिल्मों, प्रतिभा और नवाचार के संगम का प्रतीक है। यह वैश्विक फिल्म महोत्सव2023 का आयोजन 28 नवंबर को डॉट ऑडिटोरियम में आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार द्वारा एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत माननीय अध्यक्ष ब्रिगेडियर अमित सूद द्वारा दीप प्रज्ज्वलनएवं मंत्रोच्चारण के साथ हुई 728 नवंबर से 30 नवंबर तक चले इस फिल्म महोत्सव में विद्यार्थियों को 'अ मोर्निंग विद अरोहा, स्माल स्पार्क, कलरफुल फिदर, बाइसिकल डेज आदि अनेक फिल्में दिखाई गई। इसमें कक्षा पहली से ग्यारहवीं के छात्र बहुत उत्साहित दिखे क्योंकि वे सीखने के साथ- साथ सिनेमाई अनुभव का आनंद भी ले रहे थे।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कविता जाखड़ ने छात्रों के लिए शिक्षा और आनंद के अमूल्य संयोजन पर जोर देते हुए इस आयोजन को अनुभवात्मक शिक्षा के रूप में वर्णित किया। यह महोत्सव इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक समृद्ध अनुभव होने और सिनेमा की कला के प्रति गहरी सराहना को बढ़ावा देने का वादा करता है।

# घमंड इंसानों की नहीं, बल्कि राक्षसों की संपदा है

## अध्यात्म

केन उपनिषद में अभिमान को लेकर एक प्रसंग आता है। परमात्मा की दी हुई शक्ति से देवताओं ने असुरों पर विजय प्राप्त कर ली जिससे उनमें अभिमान आ गया। भगवान समझ गए और उन्होंने सोचा, यदि इनमें यह अभिमान बना रहा तो इनका पतन निश्चित है। देवताओं का अभिमान समाप्त करने के लिए भगवान दिव्य साकार यक्ष रूप में प्रकट हो गए। देवताओं ने उनका परिचय जानने के लिए पहले अग्नि देवता को भेजा। यक्ष ने पूछा कि आप कौन हैं और आपमें क्या शक्ति है? अग्नि देवता ने कहा, 'मैं अग्नि हूं और इस पृथ्वी में जो कुछ दिख रहा है, मैं उन सबको जलाकर राख कर सकता हूं।' परमात्मा ने अग्नि के सामने एक सूखा तिनका रखकर उसे जलाने को कहा। साथ ही कहा, यदि इसे जलाने में समर्थ नहीं हैं तो सर्वत्र जलाने का अभिमान छोड़ दें। अग्नि ने पूरी शक्ति लगा दी लेकिन तिनके को जरा भी आंच नहीं लगी। अग्नि के वापस जाने के बाद वायु देवता आए और उन्होंने कहा, 'मैं वायु हूं और सभी को उड़ा सकता हूं। यक्ष के रखे सूखे तिनके को वह भी अपनी पूर्ण शक्ति लगाकर हिला न सके और लौट गए।

अग्नि में जलाने, वायु में उड़ाने की जो शक्ति है और अन्य सभी में भी जो शक्तियां हैं वे सब परमात्मा से ही मिली हुई हैं। वह यदि उस शक्ति स्रोत को रोक दें तो फिर हमारे अंदर शक्ति कहां से आएगी। इसलिए हमें अपने कर्म करते समय अपने कर्तापन और शक्ति का अभिमान नहीं करना चाहिए। हम भी परमात्मा की दी हुई शक्ति से अपने कर्तव्य कर्म को केवल निमित्त मात्र या माध्यम बनकर कर पूरा कर रहे हैं।

मगर हम देखते हैं कि जब व्यक्ति के पास आवश्यकता से अधिक धन आ जाता है, समाज में प्रतिष्ठा मिल जाती है या कोई उच्च पद की प्राप्ति हो जाती है, तब वह अपने आपको बाकी लोगों से श्रेष्ठ समझने के कारण घमंड करने लग जाता है। कभी-कभी कर्म की असफलता से वह दुखी तो होता है, पर कर्म में सफल हो जाने या अपने लक्ष्य की प्राप्ति होने पर वह फिर अभिमान करने लगता है। भविष्य में किए जाने वाले कर्मों के प्रति सावधान न रह पाने के कारण वह अपना ही नुकसान करता है। झूठे अभिमान के कारण वह अपने दोषों की तरफ दृष्टि नहीं डाल पाता है जिससे उसका सुधार नहीं होता।

अभिमान को गीता में भगवान ने आसुरी संपदा कहा है। अभिमान करना मनुष्य का अपना मूल स्वरूप नहीं है। वह जब बाहरी वस्तुओं यानी धन, पद, प्रतिष्ठा वगैरह के साथ अपना संबंध स्थापित कर लेता है, तब अज्ञानता के कारण उसमें अभिमान आ जाता है। वह इच्छा करता है कि दूसरे मनुष्य उसका सम्मान करें, उसकी बड़ाई करें। ऐसा नहीं होने पर उसे क्रोध आता है और वह दूसरों का अहित करने लगता है। ऐसी आसुरी संपदा वाले मनुष्यों के लिए गीता में भगवान ने कहा है कि 'वह सोचा करते हैं कि मैंने आज यह प्राप्त कर लिया है और अब इस मनोरथ को प्राप्त कर लूंगा, मैं बड़ा धनी हूं, मेरे समान दूसरा कौन है।' अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों पर मनुष्य यह सोचता है कि यह सब मैंने अपनी ही शक्ति से प्राप्त किया है। मैं बहुत शक्तिशाली और बलवान हूं। मेरे समान दूसरा कोई नहीं है। वह अभिमान रूपी अज्ञान के कारण यह भूल जाता है कि मेरे अंदर जो शक्ति है वह उस विराट स्वरूप परमात्मा की शक्ति का अंश है।

# ज्ञान को मुक्ति का साधन कहा गया है, पर कभी-कभी यही ज्ञान बंधन का कारण भी बन जाता है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



कहते हैं कि शिक्षा और संस्कार जीवन के दो मुख्य आधार है, शिक्षा जीवन को ऊंचा उठाती है तो संस्कार जीवन को नीचे गिरने से बचाते हैं। मूलतः शिक्षा या ज्ञान जिसे हम लर्निंग कहते हैं के चार पहलू होते हैं, एक लर्निंग टू नो अर्थात जानकारी, दूसरा लर्निंग टू डू अर्थात ज्ञान और कार्य के बीच की दूरी कम करना मतलब प्रेक्टिकल ज्ञान, तीसरा लर्निंग टू लिव टुगेदर अर्थात आपस में सहकार की भावना का विकास और चौथा है लर्निंग टू बी अर्थात हम मानव के रूप में क्या है और क्या बन सकते हैं,मानव के रूप में जो श्रेष्ठतम है जिसे हम सेल्फ एक्चुलाईजेशन कहते हैं। ज्ञान का उद्देश्य ही है कि मनुष्य अपने परम सत्य का साक्षात्कार करे और फिर उस परम सत्य में टिक कर जीवन जिएं। शायद इसीलिए ही ज्ञान को संपूर्ण जगत में सबसे पवित्र वस्तु कहा गया है, इसे जीवन मुक्त बनने का साधन भी कहा गया है,पर क्या ज्ञान हमेशा मुक्त करता है, नहीं, कभी कभी ज्ञान बंधन का कारण भी बन जाता है।

एक वैज्ञानिक जो एरोडायनमिक्स में अनुसंधान कर रहा था, उसने एक तंतैये जो पीला काटने वाला एक कीड़ा होता है अंग्रेजी में जिसे वेस्प कहते हैं,उसकी शेप को देखा। उड़ने के जो सिद्धांत उसने एरोडायनमिक्स में पढ़ें थे, उनके अनुसार उसे नहीं उड़ना चाहिए था क्योंकि उसके शरीर की लंबाई और भारत के हिसाब से उसके पंख बहुत छोटे थे। उसे हैरानी हुई कि या तो ये सिद्धांत गलत है या उसे कोई ग़लती लगी है।वह इसी में उलझ कर रह गया और वो उन। छोटे कीड़ों को बंद कर,उनका उड़ना रोक उन पर अनुसंधान करने लगा। वह किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच रहा था तो उसके एक मित्र ने उससे कहा 'ये उड़ रहे हैं न, इन्हें उड़ने का ज्ञान हैं या नहीं, इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता, अगर इनको तुम अपने एरोडायनमिक्स के सिद्धांत पढ़ा सको, तो ये भी जान जाएंगे कि इनकी शेप और पंख इतने छोटे हैं कि ये उड़ नहीं सकते तो ये भी मान लेंगे कि ये उड़ नहीं सकते और ये उड़ना भूल जाएंगे।' हम भी जीवन में बहुत सारा ज्ञान ऐसा इकठ्ठा कर लेते हैं जो हमें मुक्त करने की बजाय बंधन में डाल देता है।जो हमारे सहज स्वभाव में है, उसे सिद्धांत और नियमों में बांधने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

**-डॉ. कमलेश कली**

# स्वास्थ्य दर्पण : जोड़ों का दर्द

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

सर्दीयों के मौसम में जोड़ों का दर्द होना एक सामान्य समस्या है जो अक्सर लोगों को प्रभावित करती है। इसे 'आर्थ्राइटिस' कहा जाता है, जो जोड़ों की सूजन और दर्द की स्थिति है।

**- मुख्य कारण**

**ताजगी की कमी :** सर्दीयों में ठंडक के कारण शरीर में खून का परिसंचरण कम हो जाता है, जिससे जोड़ों में सूजन और दर्द हो सकता है।

**मांसपेशियों की सुजन :** ठंडी हवा के कारण मांसपेशियों में सुजन हो सकती है, जिससे जोड़ों में दर्द होता है।

**बढ़ती उम्र :** बढ़ती उम्र के साथ, जोड़ों की क्षमता में कमी होती है और इसके कारण दर्द हो सकता है।

**- मुख्य लक्षण**

**जोड़ों में दर्द :** सबसे सामान्य लक्षण है जोड़ों में दर्द जो ठंडे मौसम में बढ़ सकता है।

**सूजन :** जोड़ों की सूजन एक अन्य प्रमुख लक्षण है जो सर्दीयों में हो सकता है।

**स्थिरता की कमी :** जोड़ों की स्थिरता में कमी हो सकती है, जिससे चलने और उठने में कठिनाई हो सकती है।

**शिथिलता :** जोड़ों की मोटाई और शिथिलता भी एक लक्षण हो सकता है।

**- कुछ घरेलू उपचार**

**तेल का मालिश :** जोड़ों को गरम तेलों से मालिश करना दर्द को कम कर सकता है। सरसों के तेल, नारियल का तेल, या अरंडी के तेल का उपयोग करें।

**गुग्गुल का सेवन :** गुग्गुल का सेवन जोड़ों की सूजन को कम करने में मदद कर सकता है।

**हड्डीयों को गरम रखें :** सर्दीयों में हड्डियों को गरम रखने के लिए ऊनी कपड़ों का उपयोग करें।



**अदरक और लहसुन का सेवन :** अदरक और लहसुन का सेवन ज़्यादा करें इनसे जोड़ों के दर्द को कम करने में सहायता हो सकते हैं।

**गरम पानी में नमक का सेंकन :** गरम पानी में नमक मिलाकर इससे सेंकन करने से जोड़ों की सूजन कम हो सकती है।

**योग और व्यायाम :** हल्के योग और व्यायाम से जोड़ों की स्थिरता बढ़ सकती है और दर्द को कम कर सकती है।

**-डॉ. विजय सारस्वत**

संचालक : सारस्वत हस्पताल
नजदीक पंजाब नेशनल बैंक,
डाबड़ा चौक, हिसार
मो. +91 94164 89299

# हरियाणा के किसानों को मिलेंगे सबसे आधुनिक इकोज़ेन के सोलर पंप

**पाठकपक्ष न्यूज, सिरसा, 30 नवम्बर :** अब हरियाणा के किसानों को टेक्नोलॉजी में सबसे आधुनिक इकोज़ेन के सोलर पंप सेट मिलेंगे जिसका इंस्टालेशन पीएम कुसुम योजना के तहत ऑपरेशन पार्टनर महिंद्रा सोलराइज द्वारा तेजी से किया जाएगा। 4जी कनेक्टिविटी वाले ये पहले कंट्रोलर्स किसानों को खेत में जाए बिना इकोट्रॉन मोबाइल ऐप की मदद से पंप का संचालन करने, सिस्टम को चालू और बंद करने तथा छोड़े गए पानी की मात्रा एवं उसके बहाव दर की निगरानी करने में मदद करते हैं। हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर, इकोट्रॉन 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा यह कंट्रोलर IoT-इनेबल्ड डिवाइसेज़ द्वारा इकोज़ेन के एआई प्लेटफ़ॉर्म पर 150 से ज़्यादा डेटापॉइंट भी भेजता है, जिससे इकोज़ेन के इंजीनियर डिप्लॉयड यूनिट्स का प्रेडिक्टिव और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस करने और निगरानीकरनेमें भी समर्थ बनते हैं। इकोज़ेन के सीईओ, देवेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य सदैव से यूज़र के लिए आसान और सस्टेनेबल उत्पाद बनाना रहा है, इसलिए 4जी सोलर पंप कंट्रोलर का निर्माण हमारे इसी उद्देश्य के अनुरूप है।

# सुण मौल्लड़ की



नगर में सफाई की दुर्दशा बरकरार।

हड़ताल का अधिकार, मांगे मानने से इनकार,
हो गया जनता का बंटाधार।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** व्यक्तित्व में निखार आएगा। महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे। छोटे भाई-बहनों के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृषभ :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। लेन-देन संबंधी मामले सुलझेंगे। अटकी योजनाओं में गति आएगी।

**मिथुन :** अत्याधिक गुस्सा करने से बचें। कार्य विस्तार की रूपरेखा बनेगी। आत्मविश्लेषण कर सूझ-बूझ से कार्य करें।

**कर्क :** कोई नया कार्य आरंभ न करें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**सिंह :** आकस्मिक धन लाभ होगा। नए संपर्क बनेंगे। मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**कन्या :** पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कैरियर में बदलाव का मन बनेगा।

**तुला :** राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल मिलेगा। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** आकस्मिक घटनाएं परेशान करेंगी। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। तनाव की स्थिति में फैलना लेने से बचें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**धनु :** भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी। कारोबारी यात्रा से लाभ होगा। मूड रोमांटिक बना रहेगा।

**मकर :** बेवजह के विवादों से दूर रहें। विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। उधार के लेन-देन से बचें। दुर्गा माता की पूजा करें।

**कुंभ :** ज्ञान में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को मनचाहे परिणाम प्राप्त होगा। मन में उत्साह बना रहेगा।

**मीन :** मन में उदासी बनी रहेगी। बिना मांगे सलाह न दें अपमान का भय। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

## कर्म का मर्म

# साधना का लक्ष्य

स्वामी दयानंद उन दिनों फर्रुखाबाद में गंगा के किनारे एक झोपड़ी में अपना डेरा डाले हुए थे। कैलाश नाम के एक युवक की उन पर बड़ी श्रद्धा थी। वह अक्सर स्वामीजी से मिलने आया करता था। एक दिन वह अपने कई साथियों के साथ स्वामीजी से मिलने पहुंच गया। उसने झोपड़ी के बाहर खड़े रहकर अंदर आने की अनुमति मांगी। दयानंद हंसते हुए बोले, यदि कैलाश इस छोटे से झोपड़े में प्रवेश कर सकता है, तो उसे अवश्य आना चाहिए। वह अंदर गया और स्वामीजी को प्रणाम कर साथियों सहित वहां बैठ गया। कुछ देर रुककर वह बोला, 'स्वामी जी, मैं आज किसी खास उद्देश्य को लेकर आप से मिलने आया हूं। एक बात काफी दिनों से मुझे अंदर ही अंदर झकझोर रही है।' स्वामी जी बोले, 'बताओ कैलाश, आपके मन में ऐसा क्या है।' उसने स्वामी जी से कहा, 'बात यह है कि मेरे मन में बार-बार विचार उठता है कि इतनी साधना करके जब आप मोक्ष प्राप्त करने के अधिकारी हो गए हैं, फिर आप इस संसार की चिंता में क्यों डूबे रहते हैं। आपका लक्ष्य तो पूरा हो गया है।' कैलाश का प्रश्न सुनकर स्वामी जी मुस्कराए और बोले, 'कैलाश! यह भी कोई प्रश्न है? जब मुझे साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि संसार में जहां-तहां अशांति है, यह संसार अश्रु सागर में



डूब रहा है, दुखों की अग्नि में झुलस रहा है, अत्याचारों से त्रस्त है, तब भला ऐसी स्थिति में उसे नजरअंदाज कैसे कर सकता हूं? मैं मोक्ष प्राप्ति का इच्छुक नहीं हूं, न ही शांतिपूर्वक मुक्ति चाहता हूं। मैं मुक्त होऊंगा, तो सबको साथ लेकर, अन्यथा मुझे मुक्ति नहीं चाहिए। अच्छी तरह समझ लो- जो सच्चे हृदय से ईश्वर से प्यार करता है, उसे उसकी संतान, यानी मनुष्य से भी उतना ही प्यार हो जाता है।' कैलाश को प्रश्न का उत्तर मिल चुका था।


DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान

- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श

शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है

डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहमस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज

बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।

गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।

इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।

अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें

हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।

M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम
müse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555



हरियाणा सरकार
G20
भारत 2023 INDIA
"इस यात्रा में सरकार मिशन मोड में है। देश के गांव -गांव जायेगी। हर गरीब, हर वंचित जो सरकारी योजनाओं के लाभ का हकदार है उसे लाभार्थी बनाया जाएगा। ग्राम स्वराज अभियान की तरह ही हमें विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी पूर्ण सफलता मिलेगी।"
- नरेन्द्र मोदी
30 नवम्बर, 2023 को
श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
का यात्रा में संबोधन
विकसित भारत
संकल्प यात्रा
15 नवम्बर, 2023 से 25 जनवरी, 2024
एल.ई.डी. वाहनों के माध्यम से 6222 पंचायतों व 88 नगर निकायों को किया जाएगा कवर
हरियाणा में लगभग 7 हजार कार्यक्रम होंगे आयोजित
कार्यक्रम स्थल पर स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं तथा योजनाओं का लोगों को मौके पर मिलेगा तुरंत लाभ
हरियाणा में यात्रा का शुभारंभ
श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा
30 नवम्बर, 2023
फतेहपुर बिल्लौच, फरीदाबाद
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# रक्तदान कर हम दूसरों को नई जिंदगी प्रदान कर भर सकते हैं उनमें उमंग : प्रो. बी. आर. काम्बोज

## रक्तदान शिविर में कुल 180 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** रक्तदान महादान है। रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। रक्तदान कर हम दूसरों को नई जिंदगी प्रदान कर उनके जीवन को उमंग से भर सकते हैं। युवाओं को रक्तदान जैसी मुहिम मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा जैसी स्कील को भी सीखना चाहिए ताकि समय पर वे दूसरों की जान बचा सकें। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल व जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, हिसार के सचिव रविंद्र लोहान भी मंच पर मौजूद रहे। यह रक्तदान शिविर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत यूथ रेडक्रॉस और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से लगाया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. मुकेश अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान एक निस्वार्थ सेवा व श्रद्धा है, जिसका कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि 18 से 65 साल आयु वर्ग के लोग हर तीन माह में रक्तदान कर सकते हैं। इस मुहिम में रेडक्रॉस सोसाइटी बड़ी भूमिका अदा कर रही है। शिविर में रक्तदान करने वाले वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों, कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों का मुख्यातिथि ने हालचाल जाना साथ ही बैच लगाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। शिविर में कुल 180 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू मेहता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। शिविर को सफल बनाने में यूथ रेडक्रॉस के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. चंद्रशेखर डागर व राष्ट्रीय सेवा योज.ना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह, एनसीसी, एनएसएस सहित अन्य वॉलंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई।

# स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना के तहत पात्र बच्चों को प्रतिमाह प्रदान की जाती है 4 हजार रुपये की सहायता राशि

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** जिले में मिशन वात्सल्य परियोजना के अन्तर्गत अनाथ अथवा एकल अभिभावक बच्चों के कल्याणार्थ स्पॉन्सरशिप एंड फोस्टर केयर योजना चलाई जा रही है। स्पॉन्सरशिप एंड फोस्टर केयर योजना के तहत निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले पात्र बच्चों को 4 हजार रुपये प्रतिमाह सहायता राशि प्रदान की जाती है। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने बताया कि ऐसे अनाथ अथवा एकल अभिभावक बच्चे जिनकी माता विधवा तथा बच्चे की माता को परिवार के द्वारा निकाल दिया गया है और बच्चा माता के साथ रह रहा है या ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं और उन्हें देखभाल एवं संरक्षण की अति आवश्यकता है, को योजना का लाभ प्रदान किया जाता है। जिले के अंतर्गत आने वाले 18 वर्ष से कम आयु वाले तथा ऐसे बच्चे जिनके परिवार की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 72 हजार रुपये तथा शहरी क्षेत्र में अधिकतम 96 हजार रुपये हैं, वे इस योजना के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने हेतु बच्चों का निरंतर स्कूल जाना अनिवार्य है। स्कूल से निरंतर अनुपस्थित रहने पर स्कीम का लाभ बंद कर दिया जाएगा। जो भी जरुरतमंद योजना के मापदंडो को पूरा करता है, वह योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु रैडक्रॉस भवन के प्रशासनिक कमरा नंबर 16 में जिला बाल संरक्षण इकाई में आवेदन कर सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु हैल्पलाईन नंबर 01662-234344 पर संपर्क किया जा सकता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : आयोजन स्थलों पर लगाई जाएंगी विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल

## पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही दिया जाएगा सेवाओं व योजनाओं का लाभ



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए तथा यात्रा की तैयारियों को लेकर गांवों का दौरा करते उपायुक्त उत्तम सिंह।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 नवंबर से शुरू की जाएगी। यात्रा के माध्यम से आयुष्मान भारत, चिरायु, पीएम उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वामित्व और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों की सेवाओं व योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मौके पर ही प्रदान किया जाएगा।वे बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि आईईसी एलईडी वैन यात्रा 30 नवंबर को ग्रामीण क्षेत्रों से शुरू होकर 26 जनवरी तक सभी गांवों को कवर करेंगी। वीरवार को गांव सातरोड़ कलां में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता यात्रा का शुभारंभ करेंगे। वीरवार को ही चुली बागड़ियान, गंगवा, सदलपुर, कुंभा खेड़ा, हसनगढ़ में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार की उपलब्धियों और नीतियों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने के लिए वैन में प्रचार सामग्री होगी और उसे फिल्मों व डिजिटल डिस्प्ले आदि से सुसज्जित किया गया है। यात्रा में चिकित्सा, आयुष, राजस्व, कृषि, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारियां दी जाएगी। उन्होंने बताया कि युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने व प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूली छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी तथा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक कार्यक्रम एवं गतिविधियों की फोटो, वीडियो आदि पोर्टल पर अपलोड करने के लिए तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव स्तर पर शैडयूल तैयार किया गया है, जिसमें यात्रा के मार्ग और अन्य विवरण को विस्तार से फोकस किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए बेहतर एसओपी तैयार की गई है। उन्होंने इस यात्रा की सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा इसमें डयूटी स्टाफ की नियुक्ति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर व आयुष विभाग द्वारा आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। ग्राम स्तर पर स्वागत समिति का गठन, यात्रा में शामिल अधिकारियों के खान-पान व ठहरने की व्यवस्था, संकल्प शपथ तथा प्रत्येक गांव से खिलाड़ियों, लोक कलाकारों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, प्रगतिशील व प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों, गौरवपट्ट में नामांकित नागरिकों को पुरस्कृत करने की जिम्मेवारी जिला विकास एवं पंचायत विभाग को सौंपी गई है। कृषि व बागवानी विभाग का हैल्पडेस्क भी लगाया जाएगा, जिसमें कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होंगी। सैनिक व अर्ध-सैनिक कल्याण विभाग द्वारा सैनिकों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए भी अधिकारी यात्रा स्थलों पर मौजूद रहेंगे। प्रत्येक वैन के साथ एक ड्रोन की व्यवस्था भी की जाएगी, जिसके संचालन के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। यात्रा के दौरान राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व योजनाओं के तहत कार्ड भी बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सभी यात्रा स्थलों की जीओ टैगिंग व फास्ट इंटरनेट सुविधा के लिए भी अधिकारियों निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गांव चूली बागड़ियान तथा सातरोड़ कलां का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, हिसार के एसडीएम जयवीर यादव, बरवाला की एसडीएम विजया मलिक, जिला परिषद के सीईओ अश्वीर नैन, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग, सीएमओ डॉ रत्ना भारती, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी जगदीप सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी अधिकारी अखिलेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा के किसानों को 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ मिलेंगे आधुनिक सोलर पंप सेट

**पाठकपक्ष न्यूज**

**भिवानी, 30 नवम्बर :** अब हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर इकोट्रॉन उपलब्ध करा रहा है। 4जी कनेक्टिविटी वाले ये पहले कंट्रोलर्स किसानों को खेत में जाए बिना इकोट्रॉन मोबाइल ऐप की मदद से पंप का संचालन करने, सिस्टम को चालू और बंद करने तथा छोड़े गए पानी की मात्रा एवं उसके बहाव दर की निगरानी करने में मदद करते हैं। इस बारे में इकोज़ेन के सीईओ, देवेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हम अपने उत्पादों द्वारा किसानों को जोड़ना और उनका काम आसान बनाना चाहते हैं। पीएम कुसुम योजना की मदद से किसान रियायती मूल्य में सोलर-पॉवर्ड कंट्रोलर इंस्टॉल कर सकेंगे, और लंबे समय के लिए एक सस्टेनेबल विकल्प प्राप्त कर सकेंगे। यह किसानों को सस्टेनेबल, किफायती और आधुनिक सिंचाई टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करता है। इकोज़ेन की स्मार्ट और सस्टेनेबल कृषि टेक्नोलॉजी का लक्ष्य किसानों को ज़्यादा प्रभावशाली और उत्पादक कृषि विधियों के निर्माण में समर्थ बनाना और क्लीनटेक, डेटा, एआईएवं आईओटी की मदद से भारत की एग्रोनॉमी के विकास में सरकार की सहायता करना है।





TALK TO TOYOTA FOR ENQUIRIES & FEEDBACK CONTACT TOLL FREE NO. 1800-309-0001 DIRECT NO. ; +91-80-4505-9000 | Toyota Mobility Service Individual Subscription Corporate Leasing | T-CONNECT | TOYOTA FINANCIAL SERVICES | Q SERVICE Quality | Personalized | TOYOTA 24x7 ROADSIDE ASSISTANCE Care on the Move | UNMATCHED WARRANTY* 3 years / 1 00 000 km *conditions Apply FOR YOUR PEACE OF MIND | TOYOTA U TRUST Buy Sell Exchange - Used car

डुअल फ्रंट SRS एयरबैग्स, ABS विद EBD एवं प्रीटेंशनर फोर्स लिमिटर [PTFL] सभी टोयोटा कारों पर स्टैंडर्ड हैं।

MALIK TOYOTA

HISAR : 14.5 Mile Stone, NH-65, Chandigarh Road, Hisar. Ph.:- 99967 88826, 99967 88829, 99967 88832

SIRSA : Near Maharaja Palace, Dabwali Road, Sirsa. Ph.:- 85728 88801, 85728 88880, 85728 88881

FATEHABAD: Bhuna Mor, NH-10, Hisar-Sirsa Road, Fatehabad. Ph.:- 85728 88830

* Terms & conditions apply on all schemes & offers. Benefits Includes Accessories worth ₹ 15 000. Offer valid till 30th November 2023. **As certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989, ' Ex-showroom Price. Finance at the sole discretion of Financier. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. Accessories show my not be part of standard equipment.

# किसान नेताओं पर दिए गए अपने बयान पर माफी मांगे कृषि मंत्री : प्रेम सिंह मलिक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 30 नवम्बर :** कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसान और किसान नेताओं के बारे में दिए गए शर्मनाक बयान की कांग्रेस पार्टी के नेता प्रेम सिंह मलिक ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्तियों को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा और इस देश की सभ्यता हमें सिखाती है कि बहन, बेटियां सभी की बराबर होती हैं। हर महिला हमारे लिए सम्माननीय है। मलिक ने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। बीजेपी-जेजेपी सरकार की वादाखिलाफी के चलते उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को जिम्मेदाराना और संवेदनशील रवैये के साथ किसानों की मांगों पर विचार करना चाहिए। लेकिन ऐसा करने की बजाय सत्ता में बैठे लोग ओछी भाषाशैली का इस्तेमाल करके अन्नदाता का अपमान कर रहे हैं। कृषि मंत्री को अपने बयान के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए। इससे पहले भी कृषि मंत्री किसानों के लिए संवेदनहीन बयानबाजी कर चुके हैं। मलिक ने कहा कि बार-बार किसानों और उनके नेताओं के प्रति शर्मनाक टिप्पणी सत्ताधारियों की बौखलाहट को दर्शाती है। सरकार के इसी रवैया के चलते बीजेपी-जेजेपी जनता की नजरों से गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों और किसानों के प्रति प्रदेश के कृषि मंत्री को ऐसी भाषा शैली का उपयोग करने पर किसानों और बहन-बेटियों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कृषि मंत्री के शर्मनाक बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्तियों को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश और हरियाणा प्रदेश की सभ्यता और संस्कृति में हमें बहन, बेटियों का इज्जत करना सिखाती है। मलिक ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार किसानों का शोषण कर रही है, जिसके चलते किसानों को धरने-प्रदर्शन करने पड़ते हैं।

## अध्यापक पात्रता परीक्षा को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने हेतु धारा 144 लागू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** जिलाधीश उत्तम सिंह ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित अध्यापक पात्रता परीक्षा को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार 2 व 3 दिसंबर को आयोजित होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षा को मद्देनजर रखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों के आस-पास अनाधिकृत/ हथियारबंद व्यक्ति के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी तथा फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी। पुलिस एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों/ अधिकारियों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

# स्टेनलेस की हिसार इकाई को सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरणीय उत्कृष्टता के लिए दो पुरस्कारों से किया गया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** जिंदल स्टेनलेस की हिसार इकाई को सस्टेनेबलिटी से जुड़ी पहलों के लिए दो अलग-अलग प्रतिष्ठित मंचों पर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। जिसमें शामिल हैं राष्ट्रीय सस्टेनेबलिटी पुरस्कार 2022-2023 'सेकंड्री स्टील इन फेरस डिविजन' श्रेणी में और 'पर्यावरणीय उत्कृष्टता' श्रेणी में 23वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2023। राष्ट्रीय सस्टेनेबलिटी पुरस्कार माध्यम है संगठनों के उन असाधारण प्रयासों को मान्यता देने का जो पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने, सामाजिक ज़िम्मेदारी निभाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक साबित होते हैं। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन भारतीय धातु संस्थान द्वारा आयोजित 77वें वार्षिक प्रौद्योगिकी सम्मेलन के दौरान हुआ जो केआआईआईटी (कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी), भुवनेश्वर के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। वहीं दूसरी ओर, ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार समारोह कश्मीर के सोनमर्ग में आयोजित किया गया, जिसके ज़रिए उन नई पहलों व तरीकों को मान्यता दी गई, जिनके द्वारा कार्यस्थलों पर पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक सुधार किए जा रहे हैं। जिंदल स्टेनलेस, हिसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इकाई प्रमुख श्री विजय कुमार बिंदलिश ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'हम ये दोनों प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आभारी हैं। जिंदल स्टेनलेस में, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए उद्योग में सार्थक बदलाव लाने के प्रयासों के तहत अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाने और ज़िम्मेदार तरीकों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं।' कंपनी ने बीते कई वर्षों में कम कार्बन और ऊर्जा-कुशल परिचालन तरीकों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करके, विभिन्न सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से आस-पास के समुदायों की बेहतरी के लिए काम करने के साथ-साथ संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति को लगातार मज़बूत बनाने के प्रयासों से सस्टेनेबलिटी के मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। अकेले पिछले दो वित्तीय वर्षों में, जिंदल स्टेनलेस ने विभिन्न सस्टेनेबलिटी पहलों के माध्यम से लगभग 2.4 लाख टन $CO_2$ उत्सर्जन कम किया है। यह प्रयास जिंदल स्टेनलेस को 2050 तक नेट ज़ीरो हासिल करने और सतत विकास लक्ष्यों में योगदान देने की अपनी महत्वाकांक्षा की दिशा में एक कदम और करीब ले जाते हैं।

# कृषि मंत्री द्वारा दिए गए बयान पर किसानों में भारी रोष : दिलबाग हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा लूदास ने कहा कि किसानों की बहू बेटियों के ऊपर इस तरह की टिप्पणी करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। भाकियू इसकी पुरजोर निंदा करती है और जब तक कृषि मंत्री माफी नहीं मांगते तब तक सभी संगठन इसका विरोध करेंगे। ऐसे पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की बयान बाजी करने पर शर्म आनी चाहिए। श्री हुड्डा ने कहा कि मंत्री विनाश काले विपरीत बुद्धि का व्यक्ति है और इसको तुरंत प्रभाव से पद से हटना चाहिए। संयुक्त किसान मोर्चा से मीटिंग करके जल्द ही कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है साथ ही हुड्डा ने चेताया कि जो कुर्सी पर बैठ सकता है तो वह गिरा भी सकता है, 2024 के चुनाव में इसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# गायत्री विद्या मन्दिर स्कूल के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 30 नवम्बर :** कृष्णा कालोनी हांसी में स्थित गायत्री विद्या मन्दिर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अग्रोहा धाम का भ्रमण किया। विद्यालय के उप-निदेशक रविन्द्र अत्री ने बताया कि अग्रोहा धाम का इतिहास महाभारत कालीन इतिहास को संजोये हुए है। महाराजा अग्रसैन की कर्मभूमि अग्रोहा धाम है। इस धाम को तीन भागों में बांटा गया है जिसमें बीच वाला भाग महालक्ष्मी और पूर्वी हिस्सा महाराजा अग्रसैन और पश्चिमी हिस्सा मां सरस्वती को समर्पित है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भ्रमण के दौरान कृष्ण लीला, गंज मुक्तेश्वर, जमीन के 15 फुट नीचे मां वैष्णो देवी गुफा, त्रिपुति बाला जी, भैरव नाथ, बाबा अमरनाथ, 90 फुट उंची हनुमान जी की प्रतिमा के दर्शन के साथ-साथ ट्रेन ड्रेगन किश्ती चलाकर जम्पिंग कर पूर्ण रूप से आनन्द लिया। स्कूल निदेशक राजकुमार अत्री ने बताया कि विद्यार्थियों के भ्रमण करने से आपसी मित्रता, सहयोग, सेवा भाव, समर्पण की भावना बढ़ने के साथ-साथ विद्यार्थीगण अपने जीवन में ऐसे पलों को संजोये रखते है जो उनके पूर्ण जीवन में एक यादगार लम्हा बन जाता है।

# अर्थ का अनर्थ कर रही राष्ट्र और धर्म की गलत परिभाषा : योगी अनूप नाथ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 30 नवम्बर :** राष्ट्र और धर्म को लेकर उच्च स्तर पर शोध व अन्वेषण की आवश्यकता है,धर्म और राष्ट्र को लेकर एक ऊहा पोह की स्थिति देश में बनी हुई है, दोनों शब्दों के अर्थ के अनर्थ ने देश के बड़े वर्ग में संकीर्णता पैदा कर दी है उक्त जानकारी नाथ परंपरा पर शोध कर रहे योगी अनूप नाथ ने प्रेस संवादाता को दी। योगी अनूप नाथ ने गत दिवस राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी सर सह कार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य से राष्ट्र और धर्म को लेकर लंबी चर्चा की, जिसमें डॉ. मनमोहन वैद्य ने वर्तमान परिदृश्य में युवाओं को धर्म और राष्ट्र की मूलभूत सिद्धांत को लेकर उच्च स्तर पर अध्ययन करने का आह्वान किया और नाथ परंपरा तथा अन्य सभी परंपराओं का सम्मान कर धर्म की तरफ अग्रसर होते हुए राष्ट्र के लिए आहूत होने का संदेश दिया। उन्होंने योगी अनूप नाथ के शोध पर सहमति जताते हुए बताया भारत में राष्ट्र और धर्म की परिभाषा विश्व के अन्य देशों से अलग है। अन्य देशों में विशेष उपासना पद्धति को धर्म के रूप में मान लिया, जबकि भारत में ऐसे धर्म को धर्म माना गया जो शाश्वत है, ऐसे ही राष्ट्र की परिभाषा यूरोप की राष्ट्र राज्य से अलग है जो मात्र भूमि का टुकड़ा न होकर माता समान है। प्रकृति संरक्षण को लेकर योगी अनूप ने जानकारी सांझा की जिसमें प्राचीन भारत में 15000 नदियां थी, इनमें से 4500 का अता पता नहीं है। 30 लाख कुएं तालाब और झरने थे, अब 10 लाख भी नहीं बचे हैं। वन क्षेत्र पूरी जमीन का 32 फ़ीसदी होना चाहिए, यह 8-10 फ़ीसदी ही है। दुनिया की कुल जमीन का 2.4 फ़ीसदी पर ही भारत है। दुनिया भर की कुल बायोडायवर्सिटी का 16 फ़ीसदी आजादी के वक्त थी, लेकिन आजाद भारत में हमने आधे से ज्यादा फ़ीसदी गंवा दिए। जब देश आजाद हुआ उस समय एक व्यक्ति पर एक पशुधन था, आज 6 व्यक्ति पर एक पशुधन बचा है। उन्होंने प्रकृति संरक्षण हेतू देश के सभी जनों से आह्वान किया कि देश के कल्याण हेतु राष्ट्र और धर्म की परिभाषा को युवा पीढ़ी तक पहुंचा कर वर्तमान में चल रही संकीर्ण मानसिकता से परे उच्च नैतिक मूल्यों की शिक्षा का ज्ञान उन्हें प्रदान करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शर्मा, संगठन मंत्री डा. विवेक सहित राष्ट्रीय मीडिया से जुड़े हुए प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

# किसानों के प्रति असभ्य भाषा का प्रयोग करने वाले कृषि मंत्री को पद से बर्खास्त करें सरकार : पूनिया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** हरियाणा सरकार में मंत्री पद पर आसीन जे. पी. दलाल द्वारा किसानों के विरोध में गैर मर्यादित एवं असभ्य भाषा का प्रयोग करने के विरोध में कांग्रेस के वरिष्ट नेता एव ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने कहा की जे. पी. दलाल हरियाणा सरकार में कृषि मंत्री के पद पर है और वहीं व्यक्ति भाजपा सरकार में किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार और अन्याय पर किसानों का साथ ना देकर, असभ्य और गैर मर्यादित बोल, बोल रहा है। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि जब किसान आंदोलन चल रहा था और किसानों की शहादत हो रही थी तो इसी मंत्री ने किसानों को चीनी , पाकिस्तानी और यहां तक की आतंकवादी तक कह दिया और तब भी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह पूर्ण रूप से राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए भाजपा का भोंपू बजा रहा है ,और पूरी किसान कौम की मां और बहन-बेटियों की इज्ज़त को तार-तार करने का काम किया है। पूरे किसान कौम को चाहिए कि वह सामाजिक रूप से इसका बहिष्कार करें और सरकार द्वारा इस असामाजिक व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई करके मंत्री पद से बर्खास्त करना चाहिए। कृषि मंत्री को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि वह कोई दूध का धुला हुआ नहीं है और उसके पास यह अधिकार नहीं है कि वह किसानों को सरे आम बेइज़्ज़त करें। वरिष्ठ नेता वज़ीर सिंह पूनिया ने कहा कि आने वाले समय में केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने वाली है, आज लोग महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नशा इत्यादि से दुखी है। हरियाणा में जब चौ. भूपेंद सिंह हुड्डा की सरकार थी, तब सभी वर्ग खुश थे।

# श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने 'हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशीप' में जीते पदक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 30 नवम्बर :** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत सिंह रोड, हांसी के बच्चे 'हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशीप' में भाग लेने के लिए फरीदाबाद गए जिसमें विद्यालय की छात्रा मानवी ने गोल्ड, वंशिका व कशिश ने सिल्वर, यश व भावना ने ब्रांच मेडल प्राप्त कर विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या रेनू बंसल ने प्रातः कालीन सभा में बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेना भी जरूरी है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। खेलकूद से बच्चों के अंदर नेतृत्व, आज्ञा पालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, साहस, सहनशीलता जैसे सद्गुणों का विकास होता है। स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिक के बच्चे ही आगे चलकर देश के योग्य नागरिक बन सकते हैं। विद्यालय अध्यक्ष श्री प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक श्री सज्जन कुमार अग्रवाल, उप प्रबंधक श्री रजत कुमार अग्रवाल व नकुल कुमार अग्रवाल ने विजेता छात्राओं व उनके अभिभावकों व समस्त विद्यालय स्टाफ को बधाई दी।

# द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी, ट्विनिंग ऑफ स्कूल प्रोग्राम का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 30 नवम्बर :** ट्विनिंग ऑफ स्कूल प्रोग्राम के तहत बांस गांव व भाटोल गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की लगभग 90 छात्राओं ने द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी का भ्रमण किया। कॉलेज में भ्रमण करने आई छात्रों का उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम प्रताप व स्टाफ सदस्य ने स्कूल की छात्राओं तथा अध्यापकों का अभिनंदन किया। इस दौरान छात्राओं को कॉलेज अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉक्टरभावना, मिस श्वेता, मिस योगिता एवम मिस प्रीति ने कॉलेज का भ्रमण करवाया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला ,कंप्यूटर लैब, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, स्पोर्ट्स ग्राउंड को देखा और उनके बारे में जानकारी ली। मिस श्वेता, मिस पूजा द्वारा छात्रों को इंटरएक्टिव पैनल द्वारा दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक से विद्यार्थियों के दैनिक विकास में मदद मिलती है। कॉलेज अस्सिटेंट प्रोफेसर मिस भावना, द्वारा मंच का संचालन किया गया। जिसमें उन्होंने कॉलेज मे उपलब्ध महिला छात्रावास व अन्य सुविधाओं तथा कॉलेज द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति से भी अवगत करवाया और भविष्य में उससे लाभ उठाने को कहा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राम प्रताप जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है, स्कूली शिक्षा के साथ कॉलेज के बारे में निरंतर ज्ञान लेने की आवश्यकता होती है। जिससे वह समय आने पर अपना करियर बनाने के लिए नियंत्रण लक्ष्य की और अग्रसर रहेंगे ।अंत में कॉलेज प्राचार्य तथा कालेज स्टाफ सदस्य ने अतिथि अध्यापको को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के तहत भ्रमण करने आई छात्राओं को कॉलेज की सभी सुविधाएं जैसे कि भवन, क्लास रूम, प्रयोगशालाएं हॉस्टल सुविधा, बस सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था बहुत ही पसंद आई।


**Name Change**

I, Sheetal W/o Sh. Dipender Malik R/o Vill. Depal, PO Dhandheri, Distt. Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Sheetal to SHEETAL CHAUDHARY for all future purpose.

\- Deponent







डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

WORK FROM PHONE

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000


# पीएम कुसुम योजना के तहत हरियाणा के किसानों को मिलेंगे आधुनिक सोलर पंप सेट




**पाठकपक्ष न्यूज**

**जींद, 30 नवम्बर :** अब हरियाणा के किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इकोज़ेन सॉल्यूशंस भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर, इकोट्रॉन 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध करा रहा है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंपों को तेज़ी से इंस्टॉल करने के लिए इकोज़ेन ने महिंद्रा सोलराइज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा हरियाणा के किसानों को इकोज़ेन की आधुनिक टेक्नोलॉजी महिंद्रा टीम के विस्तृत और प्रभावशाली इंस्टॉलेशन नेटवर्क की मदद से मिल सकेगी। सोलर पंप कंट्रोलर टेक्नोलॉजी के विकास में अग्रणी, इकोज़ेन के कंट्रोलर में आधुनिक फंक्शंस हैं, जो किसानों को अपने पंपों का पूर्ण नियंत्रण देते हैं। 4जी कनेक्टिविटी वाले ये पहले कंट्रोलर्स किसानों को खेत में जाए बिना इकोट्रॉन मोबाइल ऐप की मदद से पंप का संचालन करने, सिस्टम को चालू और बंद करने तथा छोड़े गए पानी की मात्रा एवं उसके बहाव दर की निगरानी करने में मदद करते हैं। यह किसानों को सस्टेनेबल, किफायती और आधुनिक सिंचाई टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करता है। इकोज़ेन की स्मार्ट और सस्टेनेबल कृषि टेक्नोलॉजी का लक्ष्य किसानों को ज़्यादा प्रभावशाली और उत्पादक कृषि विधियों के निर्माण में समर्थ बनाना और क्लीनटेक, डेटा, एआई एवं आईओटी की मदद से भारत की एग्रोनॉमी के विकास में सरकार की सहायता करना है।

# चातुर्मास संपन्न होने पर तपो मूर्ति पृथ्वीराज स्वामी ने किया मंगल विहार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** रावलवासिया सेवा सदन में विराजित अणुव्रत अनुशासता आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य तपो मूर्ति पृथ्वीराज स्वामी व सहवर्ती मुनि के मंगल विहार से पूर्व मंगल भावना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सभा मंत्री गौरव जैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुनि श्री ने णमोकार मंत्र से किया। इसके उपरांत महिला मंडल ने शासनश्री के सम्मान में अनेक भाव के माध्यम से उत्कृष्ट गीतिका प्रस्तुत की। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष संजय जैन, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, युवक परिषद के अध्यक्ष मनीष जैन, तेरापंथ प्रोफेशनल फॉर्म के अध्यक्ष राजकुमार जैन, महिला मंडल के मंत्री सविता जैन ने चातुर्मास के दौरान मुनि श्री के सानिध्य में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों को मुक्त कंठ से गुणगान किया। मुनि श्री जिज्ञासु नें अपने भाव प्रकट किये। सुरेश जैन, मंत्री दर्शन लाल शर्मा व सतपाल शर्मा ने भी अपनी मंगल भावना प्रकट की। इस दौरान मुनि श्री ने सभी संस्थाओं की सराहना की और कहा भविष्य में भी मिलजुल कर कार्य करें। विशेष रूप से अणुव्रत समिति के कार्यों को भविष्य में और अधिक गति से कार्य करने के लिए कहा। मुनि श्री ने अणुव्रत समिति हिसार द्वारा देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हिसार की कार्यकारिणी के प्रति मंगल भावना प्रकट की। मुनि पृथ्वीराज जी व मुनि जिज्ञासु जी के साथ आज चातुर्मास संपन्न कर मंगल विहार करते हुए नरूला पार्क स्थित 119 नंबर आवास में पहुंचे।

अणुव्रत समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मुनिश्री पृथ्वीराज जी के सानिध्य में चातुर्मास के दौरान अनेक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया जिसमें पर्युषण पर्व, प्रेरणा दिवस, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, नशा मुक्ति अभियान, अहिंसा, विश्व शांति, अणुव्रत, शिक्षा एवं संस्कार आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर अणुव्रत समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, दर्शन लाल शर्मा, अनिल जैन, सत्यपाल शर्मा, जगदीश गर्ग, डाक्टर दीपक गुप्ता, अनिल जैन, कमल जैन, सविता, सुमन, प्रमोद जैन, गौरव जैन, सगुन चंद सिंगल व आदित्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# दोहलीदार जमीन पर मालिकाना हक देने के लिए नवीन कौशिक ने जताया मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 30 नवम्बर :** आज हांसी में ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों ने युवा समाजसेवी भाई नवीन कौशिक के नेतृत्व में दोहली की लगभग 1700 एकड़ जमीन पर पूर्ण मालिकाना हक देने के लिए हांसी के चौपटा बाजार पर लड्डू बाटकर के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया और लड्डू बाटकर खुशी मनाई। राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स एवं करनाल के ब्राह्मण महाकुंभ के मुख्य स्तंभ और संयोजक भाई सुनील शर्मा डुडीवाला का बहुत-बहुत धन्यवाद किया, जिन्होंने ब्राह्मण समाज के विभिन्न कार्यों में विशेष रूचि लेते हुए उन्हें पूरा करवाने का काम मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से करवाया। मुख्यमंत्री जी ने करनाल के ब्राह्मण महाकुंभ में ब्राह्मण समाज से संबंधित बहुत सी घोषणा की थी, जिनमें से लगातार एक पर एक घोषणाओं को वह पूरा करते जा रहे हैं, जिससे समाज में खुशी की लहर है। जो वादे किए वह पूरे किये इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर समाजसेवी नवीन कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने ब्राह्मण समाज के हित में चाहे वह पहरावर की जमीन का मामला हो, चाहे भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज कैथल का मामला हो और अब यह दोहलीदार जमीन का मालिकाना हक का मामला हो करनाल ब्राह्मण महाकुंभ में उन्होंने घोषणा की थी कि यह सभी कार्य समाज के लिए किए जाएंगे और अब अपने जो वादे किए उनको पूरा करने का काम किया है तो उसके लिए समाज उनका धन्यवाद करता है और ब्राह्मण समाज के हितों का जो ध्यान रखेगा। ब्राह्मण समाज निश्चित रूप से उसका पूरा साथ देगा और उसका ध्यान रखेगा और हमें आशा ही नहीं विश्वास भी करते हैं कि और भी जो कार्य मुख्यमंत्री जी ने करनाल ब्राह्मण महाकुंभ में घोषणा कि वह भी जल्द से जल्द पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर पंडित रतन शर्मा, मनमोहन उर्फ मोनू शर्मा, बलराम काली पंडित, सोनू शर्मा , कुलाना सोनी शर्मा, बलजीत, प्रवीन बंसल, अतुल, आकाश शर्मा, बबल शर्मा अन्य साथी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिसार लोकसभा के विकास के लिए चाहिए जनता का साथ : अशोक मंगालीवाला

**अशोक मंगालीवाला ने हिसार, उचाना, बवानीखेड़ा व तोशाम में चलाया जनसंपर्क अभियान**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार के विभिन्न क्षेत्रों, उचाना, बवानीखेड़ा व तोशाम में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से मुलाकात करके उनसे अपने विचार साझा किए। मंगालीवाला ने अपने साथियों के साथ हिसार के रावलवास खुर्द, महावीर कॉलोनी, सेक्टर-13, उचाना में मंगलपुर, उदयपुर, नचार खेड़ा, खेड़ी मसानिया, बाबा प्रेमनाथ खेल एकेडमी एवं बवानीखेड़ा में तालु व कुंगड़ सहित विभिन्न गांवों व क्षेत्रों का दौरा करके वहां चाय कार्यक्रमों व बैठकों में हिस्सा लेने के बाद गांवों का अवलोकन भी किया। इस दौरान सरपंच सुनील, रोहतास, रामभगत, रमेश कुमार, पवन कुमार, नंबरदार ज्ञानीराम, मंजीत शर्मा, सरपंच धर्मबीर पंघाल, सरपंच अनूप लोहान, नरेश कुमार, तरसेम, सूरजभान, राजेंद्र, फूल कुमार, धर्मबीर, राजेश, रामफल, वीरेंद्र बेरवाल, रोशन शर्मा, अजय गोयत, प्रेम शर्मा, शमशेर, मोतीराम, कृष्ण चंद, राजेश, राजकुमार, प्रदीप श्योकंद, जयभगवान, रामकुमार रोहिल्ला व जोगिंद्र सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विभिन्न गांवों में पहुंचने पर अशोक मंगालीवाला का पगड़ी व फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान मंगालीवाला ने कहा कि जनता का साथ मिला तो वे हर तरह से हिसार लोकसभा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दौरे के दौरान देखने में आया है कि विभिन्न गांवों में न तो पर्याप्त पेजयल आपूर्ति है और न ही समुचित बिजली उपलब्ध होती है। इसके साथ-साथ गंदे पानी की निकासी की भी कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा बहुत से गांवों में गलियों व सड़कों की हालत खस्ता है। उन्होंने कहा कि ऐसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार है लेकिन प्रशासन व सरकार इस दिशा में आंखें मूंदे बैठी है। मंगालीवाला ने कहा कि जनता अब कांग्रेस में विश्वास जता रही है और आने वाले समय में कांग्रेस ही पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

# बहु बेटियों के विरुद्ध कृषि मंत्री का आपत्तिजनक व अमर्यादित भाषा का प्रयोग बेहद शर्मनाक : कुमारी सैलजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 30 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों, उनकी बहु बेटियों के विरुद्ध जो आपत्तिजनक व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है वो बेहद शर्मनाक है। अहंकार के मद में बार-बार जनता, किसानों और महिलाओं का अपमान करने वाले मंत्री शायद ये भूल चुके हैं कि कुर्सी पर बैठाने वाले गिराने में भी देर नहीं लगाते। वो दिन अब दूर नहीं है। किसानों की बहु बेटियों के बारे में ऐसी गंदी भाषा बोलने वाले को कृषि मंत्री पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। मीडिया के नाम जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि बहन-बेटियों और किसानों के प्रति प्रदेश के कृषि मंत्री का बयान बेहद शर्मनाक है। ऐसी भाषा शैली किसी राजनेता की तो नहीं होती। सत्ता के मद में चूर प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायक किसानों और महिलाओं का अपमान करने में लगे हुए है। कृषि मंत्री ने जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग आंदोलन में संघर्षरत योगदानकर्ताओं के लिए किया है वह केवल एक असंवेदनशील और संस्कारहीन व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। शर्म की बात है। जेपी दलाल, जिन्होंने सबसे पहले किसानों को पाकिस्तान और चीन समर्थक बताया था, को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए। दलाल द्वारा किसानों की बहु बेटियों के विरुद्ध जो आपत्तिजनक व अमर्यादित भाषा को लेकर उन्हें जनता के साथ अपने आचरण में सुधार करना चाहिए। यदि उन्होंने अपनी इस अमर्यादित भाषा पर खेद प्रकट करते हुए माफी नहीं मांगी तो ये जनता है, कुर्सी पर बैठाना भी जानती है और कुर्सी से गिराना भी। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पदों पर आसीन व्यक्तियों चाहे वह मंत्री हो चाहे विधायक उसे भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। सभी को याद रखना चाहिए कि इस देश की सभ्यता हमें सिखाती है कि सभी की बहू बेटियां बराबर होती है सभी का सम्मान करना चाहिए, महिलाएं सम्माननीय है। उन्होंने कहा कि सत्ता में चूर होकर और गंदी राजनीति की राह पर चलते हुए महिलाओं के खिलाफ बयान देना किसी भी सूरत में देश का कोई भी व्यक्ति सहन नहीं करेगा। जनता के सवालों से बचने के लिए सत्ताधारियों द्वारा बौखलाहट में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया जा रहा है जो कतई सहन नहीं की जाएगी। सबसे पहले दलाल को किसानों और इस प्रदेश की महिलाओं, बहु बेटियों से माफी मांगनी चाहिए और ऐसी मंत्री को तुरंत पद से हटाना चाहिए।

# किसानों और महिलाओं का अपमान करने में भाजपा के मंत्री सबसे आगे : दलबीर किरमारा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष दलबीर किरमारा ने प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल के विवादित बयान को निंदनीय बताते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और मंत्रियों को किसान और किसानों के परिवार से नफरत है। इसलिए सरेआम किसान परिवारों और उनके परिवार का अपमान करते हैं। उनके बारे में आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हैं। उन्होंने आज एक बयान जारी कर कहा कि किसानों और महिलाओं का अपमान करने में भाजपा के मंत्री सबसे आगे हैं। जब पूरे देश में केंद्र सरकार के काले कृषि कानूनों का विरोध हो रहा था तो भाजपा सरकार के मंत्री किसानों को खालिस्तानी, आतंकवादी और आंदोलनजीवी कहकर नफरत फैला रहे थे। इसके अलावा जब-जब प्रदेश में किसानों ने अपने हकों की आवाज उठाई तो बीजेपी सरकार ने लाठी के दम पर उनकी आवाज कुचलने का काम किया। कुरुक्षेत्र में किसानों पर लाठीचार्ज भी उसका ही एक उदाहरण है। वहीं किसान आंदोलन में शहीद 750 से ज्यादा किसानों को लेकर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ने अभी तक भी कोई शोक प्रस्ताव नहीं लाया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री जेपी दलाल को अपने घटिया व बेहूदा बयान को लेकर तुरंत किसानों और उनके परिवारों से माफी मांगनी चाहिए। दलबीर किरमारा ने कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्तियों को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। हरियाणा और इस देश की सभ्यता हमें सिखाती है कि बहन, बेटियां सभी की बराबर होती हैं। हर महिला हमारे लिए सम्माननीय है। लेकिन राजनीतिक खीज मिटाने के लिए महिलाओं के बारे में स्तरहीन टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। भाजपा-जजपा सरकार की वादाखिलाफी के चलते उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को जिम्मेदाराना और संवेदनशील रवैये के साथ किसानों की मांगों पर विचार करना चाहिए। लेकिन ऐसा करने के बजाय सत्ता में बैठे लोग ओच्छी भाषाशैली का इस्तेमाल करके अन्नदाता का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कृषि मंत्री जेपी दलाल किसानों के लिए संवेदनहीन बयानबाजी कर चुके हैं। बार-बार किसानों और उनके नेताओं के प्रति शर्मनाक टिप्पणी सत्ताधारियों की बौखलाहट को दर्शाती है। सरकार के इसी रवैया के चलते भाजपा-जजपा जनता की नजरों से गिर चुकी है।

# श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन 6 से 10 दिसंबर तक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक महोत्सव अति श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मपनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पीठ कमेटी के संयोजक राजमल काजल और प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि इस शुभावसर पर 6 से 10 दिसंबर तक भक्ति योग पर दिव्य आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा। पीठ की संस्थापक महामण्डलेश्वर संतोषी माता जी व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी रसमयी वाणी से भक्ति योग अमृत का रसास्वादन प्रतिदिन सांय 4 बजे से करवाएंगी। उन्होंने बताया कि पीठ के वार्षिक महोत्सव का आयोजन प्रति वर्ष गोपाष्टमी से पूर्णिमा तक होता था, लेकिन अति आवश्यक कारणों के चलते इस वर्ष इसमें कुछ विलम्ब करना पड़ा। उन्होंने धर्मप्रेमियों से इस शुभावसर का लाभ उठाते हुए पुण्य के भागी बनने का नम्र निवेदन किया है।

# 'नशा मुक्ति अभियान' संभाषण प्रतियोगिता में दी आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** गत 26 नवंबर को सन सिटी, हिसार में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित 'नशा मुक्ति अभियान' संभाषण प्रतियोगिता के दूसरे स्तर में दी आर्यन स्कूल के कक्षा आठ के अद्वित जिंदल ने जूनियर (कनिष्ठ वर्ग) में प्रथम तथा कक्षा दस के नित्यांत गहलावत सीनियर (वरिष्ठ वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। दोनों विद्यार्थियों को एक एक गिफ्ट हैम्पर, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दोनों विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि अर्जित करने पर विद्यालय में उनका भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पिछले माह आयोजित प्रथम स्तर प्रतियोगिता में दोनों विद्यार्थी अपने - अपने वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित कर दूसरे स्तर के दावेदार बने। यह प्रतियोगिता मात्र एक प्रतियोगिता नहीं थी ,अपितु नशे को समाज से उखाड़ने हेतु एक मंच था जो समाज के लिए एक पथ प्रदर्शक व प्रेरणा के रूप में उभरकर सामने आया। इस प्रतियोगिता में उन सभी 15 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जो प्रथम स्तर में प्रथम स्थान अर्जित कर विजयी रहे थे। आर्यन स्कूल के लिए बड़े ही गौरव व गर्व की बात है कि वह रोटरी क्लब हिसार द्वारा चलाई गई नशा मुक्ति की इस मुहिम का हिस्सा बना। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमत्ती अनीता भंडारी व मैनजमेंट ने दोनों विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर दोनों की सराहना की व उनके माता-पिता व अध्यापक वर्ग को हार्दिक बधाई दी। प्रधानाचार्या ने दोनों को इसी प्रकार परिश्रम पथ पर अग्रसर रहते हुए सफलता रथ पर सवार रहने हेतु शुभकामनाएं दी।

# जयकुमार शर्मा ने जीता सोना और हिसार का सम्मान बढ़ाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 32 वीं हरियाणा मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप का 25 - 26 नवंबर - 2023 को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इसमें समस्त प्रदेश से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने शिरकत करके अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में मेला ग्राउंड सेक्टर 21 निवासी 61 वर्षीय मास्टर एथलीट जयकुमार शर्मा ने अपनी खेल कौशल का बेजोड़ प्रदर्शन करके विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीन मेडल अपने नाम कर लिए। इन्होंने 800 मी , 400 मी बाधा दौड़ में गोल्ड और 400 मी में सिल्वर मेडल अर्जित किया। कुल दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीत कर अपने परिवार, गांव व शहर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के आधार पर इनका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है जो 8 से 11 फरवरी 2024 को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। जय कुमार शर्मा मूल रूप से चरखी दादरी के गांव सावंड़ निवासी हैं और रिटायर्ड एसडीओ हैं। इन्होंने अब तक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 80 से ज्यादा पदक प्राप्त किए हैं। इस प्रतियोगिता से पहले फरवरी में गोवा में आयोजित पेसिफिक मास्टर एथलेटिक्स इंडिया - 2023 प्रतियोगिता में भी 4 गोल्ड सहित कुल 5 मेडल प्राप्त किए थे।

# निर्माण मजदूरों की समस्याओं को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन करेगी प्रदर्शन : राकेश गंगवा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 30 नवम्बर :** भवन निर्माण कामगार यूनियन तहसील कमेटी की बैठक तहसील प्रधान राकेश गंगवा की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन सचिव विरेंद्र सिंह ने किया। जिला सचिव मनोज सोनी ने कहा कि मजदूरों के 90 दिन के काम की वर्क स्लीप न तो पंचायत सचिव, पटवारी वैरिफाई कर रहे हैं। श्रम विभाग के अधिकारी भी वर्क स्लीप को वैरिफाई कर सकते है परंतु एलआई, एडी व एण्डब्लयूएओ भी वर्क स्लीप को वैरिफाई नहीं कर रहे है जिस कारण निर्माण मजदूर दर दर भटकने को मजबूर हैं। न ही सुविधाओ के फार्मो का पैसा मजदूरो को दिया जा रहा है। आनलाईन होने के बाद से रोजाना आब्जेक्शन लगाकर मजदूरों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि पंचायती विभाग के अधिकारियों व श्रम विभाग के अधिकारियों से एक मीटिंग करवाकर मजदूरों की समस्या का हल किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते समस्याओं का समाधान नही किया गया तो जिला कमेटी 18 दिसम्बर को उपायुक्त कार्यालय पर 5 दिवसीय पड़ाव लगाएगी। इसके बाद आगामी निर्णय जिला कमेटी निर्णय करेगी। तहसील प्रधान राकेश गंगवा ने बताया कि मजदूरों की मुख्य मांगों में 90 दिनों के काम की वर्क स्लीप श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा वैरीफाई हो, पंचायत अधिकारियों को भी वर्क स्लीप वैरिफाई करने के आदेश दिए जाएं, वर्क स्लिप के लिए रिजेक्ट किए गए फार्म सभी ओपन किए जाएं। हिसार जिला में सभी लेबर चौक पर शौचालय का प्रबंध किया जाए और लेबर शैड बनाई जाए। लेबर चौक पर खड़े होने वाले सभी मजदूरों का रजिस्ट्रेशन किया जाए, मजदूरों की दिहाड़ी मारने वाले मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मारी गई दिहाड़ी के मामलों को तुरंत निपटाया जाए, कन्यादान सुविधा देते समय वर्कर की वेरिफिकेशन की जाए, फर्जी वर्कर को बोर्ड से बाहर किया जाए, फैमिली आईडी में निर्माण मजदूर न होने के कारण भी ऑरिजनल मजदूरों के छात्रवृति व अन्य प्रकार के फार्म भरने से वंचित है इसका समाधान किया जाए, मजदूरों के सभी प्रकार के फार्मो को बिना किसी ठोस कारण रिजेक्ट करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही हो। मीटिंग में लीलूराम, रणधीर सातरोड़, सौदागर यादव, उमेष शर्मा, मुनीष कुमार, सिकदर जयदेव ढ़ाणी, अरविंद यादव, विनोद यादव, सुरेश शास्त्री नगर, दीपक गुप्ता, फूल सिंह चंद्रलोक कालोनी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# उम्मीद फाउंडेशन ने की बैठक, कार्यकारिणी भंग, जल्द ही होगा नई कार्यकारिणी का गठन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 30 नवम्बर :** सामाजिक संस्था उम्मीद फाउंडेशन की एक बैठक आज उम्मीद फाउंडेशन के कार्यालय में सम्पन हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के सचिव बाल किशन मनचंदा द्वारा की गई। बैठक में आज फाउंडेशन की कार्यकारिणी भंग करने पर चर्चा की गई। जिसमें फाउंडेशन के सदस्यों की सहमति द्वारा आज फाउंडेशन की सदस्य कार्यकारिणी भंग की गई है। संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी महादेव ने बताया कि जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी महादेव, सचिव बाल किशन, कोषाध्यक्ष रमेश सैनी, सदस्य विष्णु कश्यप व फाउंडेशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक

उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584

श्याम नागपाल : 92552–73410

संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।



